# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025





Hero
125M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS*
"इरादे बड़े हों
तो कुछ भी नामुमकिन नहीं"
नई HF Deluxe Pro
एच एफ डीलक्स - नए इंडियन की डीलक्स बाइक
नया एक्स-शोरूम
पुराना एक्स-शोरूम
धनतेरस पर सुनिश्चित डिलीवरी के लिए अभी बुक करें
GST लाभ | ₹4 976^
₹63 688#
₹58 712#
सेगमेंट में पहला^ LED हेडलैंप
सेगमेंट में पहला^ डिजिटल कंसोल
नए ग्राफिक्स
बेहतरीन माइलेज
SCAN TO KNOW MORE
डाउन पेमेंट @ ₹999$ से शुरू
प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000$ तक
HDFC BANK क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹1800$ तक
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply
Hero GoodLife
Stand a chance to win 100% Cashback 24 Carat Gold Coin and many more assured benefits*
Additional offers on Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. ^Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. *Limited period offer,T&C apply. *As per cumulative sales numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF Deluxe Pro in Raipur.
TOLL FREE
1800 266 0018
अधिकृत डीलर: बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो 9289922706, अंबिकापुर: आनंद हीरो 9289922359, सरगुजा हीरो 9289923110, कोरबा: शांति हीरो 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो 9289923057, रायगढ़: गोयल हीरो 9289922373, आदित्य हीरो 9289923091, जांजगीर: आनंद हीरो 9289922772, बैकुंठपुर: आर.के. हीरो 9289922812, जशपुर: आकाश हीरो 9289922909, एसोसिएट डीलर: खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415, चौरा: ओम ऑटो एजेंसी 7000316070, सरिया: अग्रवाल ऑटो सेण्टर 9993121909, गौरेला: श्री माँ नर्मदा मोटर्स 7587796622 / 7587796611, सनावल: सोनी ऑटोमोबाइल्स 9479235816, रतनपुर: माँ महामाया मोटर्स 9754240437 / 8839972027, बलोदा: श्री कमला ऑटो 9926515216, मरवाही: राहुल ऑटोमोबाइल्स 8889467369 / 8719087320, मुंगेली: महावीर मोटर्स 9993855199, मनेन्द्रगढ़: विवेक ट्रेडर्स 6261178785, कटघोरा: श्री शारदा एंटरप्राइज 9809809925, शिवरीनारायण: सुल्तानिया ऑटो केयर 9407600319, सक्ती: गोयल ऑटो 9303571001, 7000490324, खरसिया: विजय ऑटो एजेंसी 9993093829, सीतापुर: श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांव: ज्योति ऑटो 9406399000, सारंगढ़: गोपाल ऑटो सेंटर 9827893203, सूरजपुर: आशा ऑटोमोबाईल्स 9826440096, अकलतरा: श्री ऑटो 9424174274, कोटा: उर्मिला मोटर्स 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स: 6268000180 / 8718888789, रामानुजगंज: प्रीति ऑटोमोबाईल 8827674000, बारद्वार: दुर्गा ऑटो एजेंसी 8319982160, उदयपुर: बंसत ऑटोमोबाईल्स 9406022927, तपकरा: प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुर: तायल ऑटोमोबाईल्स 9617218005, पटना: आयुश ऑटोमोबाईल्स 8839141926, पाली: आनंद ऑटोमोबाईल 7089519999, राजपुर: महामाया एजेंसी, 9516209272 / 9340726288, मदनपुर: ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपत: मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, महापाली: साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, लखनपुर: पीएन ऑटोमोबाइल्स, 8839193005, बटौली: इच्छा ऑटोमोबाइल्स, 8770232677, कुसमी: बोल्बम ऑटो, 8120191597, विश्रामपुर: खुशी ऑटोमोबाइल, 9826775718, झरगांव: ऐबानी मोटर्स, 7849000000, रामानुजनगर: जयसवाल ऑटो, 9926015773, बलंगी: नमो ऑटोमोबाइल्स, 9977876863, भैयाथान: आनंद ऑटोमोबाइल्स, 9977221111, प्रेमनगर: मानस ऑटोमोबाइल्स, 9131301594, लोरमी: महेश मोटर्स, 7974700929, खैरागढ़: पुष्पक बिक्री, 9425554343, भानपुरी: अपराशा ऑटोमोबाइल्स, 9981009491, ऐडिशनल वर्कशॉप: अम्बिकापुर: आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेयर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: ओरियन ऑटोव्हील्स 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस: उरगा: बालाजी सर्विस स्टेशन 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: बिलासपुर (सकरी) सत्या सर्विसेज, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पा: आनंद हीरो 7909901444, कोरबा: शांति हीरो, 7440299000 Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415.
VML.5840.2025HIN

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025












## नक्सलियों के उखड़े पांव, आज बस्तर में सबसे बड़ा समर्पण, सीएम के सामने 200 नक्सली डालेंगे हथियार

बस्तर के बड़े इलाके से नक्सलियों के पैर तकरीबन उखड़ गए हैं। शुक्रवार को जगदलपु मुख्यालय में नक्सलियों की सबसे बड़ी खेप समर्पण करने वाली है। इसके लिए नक्सली इंद्रावती नदी पार कर जगदलपुर कूच कर चुके हैं। कुछ माओवादी जगदपुर पहुंच भी गए हैं। उनको बस से यहां लाया गया है। खबर है, रावघाट, कोयलीबेड़ा समेत माड़ डिविजन के दूसरे हिस्सों से नक्सली लीडर्स के साथ 200 माआवोदी हथियार डालेंगे। यह माना जा रहा है कि जगदलपुर पुलिस लाइन में शुक्रवार को यह सबसे बड़ा नक्सल समर्पण होगा।

### नदी के रास्ते भैरमगढ़ पहुंचने के बाद तीन बस से जगदलपुर पहुंचे माड़ डिवीजन के 140 नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

समर्पण करने वाले नक्सलियों में करोड़ों के ईनामी एक केन्द्रीय समिति सदस्य, नक्सल प्रवक्ता, माड़ डिवीजन सचिव के अलावा सबसे मजबूत माने जाने वाले रावघाट व कोयलीबेड़ा इलाके के शीर्ष नक्सली भी शामिल हैं। कहा जा रहा है कि नेताओं समेत इनकी संख्या 200 है। सभी पुलिस लाइन में शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व गृहमंत्री विजय शर्मा समेत अन्य मत्रियों की मौजूदगी में समर्पण करेंगे। पुलिस लाइन मैदान में बुधवार देर शाम तक इसकी तैयारी जारी रही। माड़ डिवीजन के 140 से अधिक नक्सली गुरुवार को मोटरबोट से इन्द्रावती नदी पार करने के बाद बस से भैरगगढ़ होते हुए देर रात तक जगदलपुर पहुंच गए। वहीं कोयलीबेड़ा ▶▶| शेष पेज 4 पर

### सीसीएम, नक्सल प्रवक्ता, माड़ डिवीजन सचिव समेत कई शीर्ष नक्सली डालेगें हथियार





### अबूझमाड़- उत्तर बस्तर नक्सलमुक्त दो दिन में 258 माओवादियों ने किया सरेंडर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि बीते दो दिनों में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में 258 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, नक्सलवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई का यह ऐतिहासिक दिन है। गृहमंत्री ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ में 200 नक्सलियों ने हथियार डाले,



जबकि रविवार को 27 नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ में और 61 नक्सलियों ने महाराष्ट्र में आत्मसमर्पण किया। इस तरह कुल 258 कुख्यात इनामी नक्सली मुख्यधारा में लौटे हैं। अमित शाह ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हिंसा छोड़कर भारत के संविधान में विश्वास जताया है। उन्होंने कहा, "यह प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ▶▶| शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री साय ने कहा, बस्तर में शुरू हुआ शांति और विकास का नया युग

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि उत्तर बस्तर और अबूझमाड़ का नक्सलमुक्त होना यह प्रमाण है कि अब बस्तर



भय नहीं, बल्कि विश्वास और विकास की नई पहचान बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भारत आज नक्सलवाद के अंत की दहलीज़ पर खड़ा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर कहा कि बीते दो दिनों में 258 नक्सलियों का आत्मसमर्पण इस बात का प्रतीक है कि बंदूक नहीं, बल्कि विश्वास की शक्ति जीत रही है। उन्होंने कहा कि बीते 22 महीनों में छत्तीसगढ़ में 477 नक्सली मारे गए, 2110 ने आत्मसमर्पण किया और 1785 गिरफ्तार हुए। यह आंकड़े हमारे राज्य को नक्सलमुक्त बनाने के अडिग संकल्प के साक्षी हैं। मुख्यमंत्री साय ने ▶▶| शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### 13 निगम मंडल के अध्यक्षों को कैबिनेट, 22 को राज्यमंत्री का दर्जा

**रायपुर।** राज्य शासन ने 13 निगम मंडल अध्यक्षों को कैबिनेट और 22 को राज्यमंत्री का दर्जा दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसका आदेश जारी किया है। नियुक्ति के साढ़े छह माह बाद राज्य शासन ने यह निर्णय लते हुए आदेश जारी किया है। जिन लोगों को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है, उनमें अनुराग सिंहदेव, भूपेंद्र सवन्नी, चंदूलाल साहू, केदार नाथ गुप्ता, नीलू शर्मा, राजा पांडेय, राजीव अग्रवान, राम प्रताप सिंह, राकेश पांडेय, ▶▶| शेष पेज 4 पर




# हमर-प्रदेश



बिलासपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025 haribhoomi.com हरिभूमि


## प्रदेश के मुख्यमंत्री साय, डिप्टी सीएम साव, वित्त मंत्री चौधरी, गजेंद्र यादव समेत छग के कई नेता हुए नामांकन में शामिल

# नितिन के नामांकन में दिखी बिहार और छत्तीसगढ़ की आत्मीयता, साय ने कहा-फिर बनेगी एनडीए की सरकार



**भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने गुरुवार को बिहार के बांकीपुर से अपना नामांकन भरा। नामांकन रैली में उनके साथ छत्तीसगढ़ का कारवां भी रहा। वे जब घर से निकले तो आत्मीयता भी साथ चली। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर व बिहार के करीबी तो उनके साथ थे ही, छत्तीसगढ़ की सरकार भी साथ रही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव, विधायक श्रीमती भावना बोहरा, सुशांत शुक्ला, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक म्हस्के समेत कई नेता नामांकन में शामिल हुए। नामांकन के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलेगा और फिर से सरकार बनेगी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

श्री साय ने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने उल्लेखनीय विकास हुआ है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार बिहार को पूर्ण विकसित राज्य बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय बिहार प्रवास के दौरान एनडीए के पक्ष में नामांकन समारोह एवं आमसभा में शामिल हुए। श्री साय नामांकन से पूर्व नितिन नवीन के पिताजी स्वर्गीय नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि व्यक्त की। इसके बाद उप मुख्यमंत्री और तारापुर से एनडीए प्रत्याशी सम्राट चौधरी और मुंगेर से प्रत्याशी कुमार प्रणय के नामांकन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर जनता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकासपरक विजन के लिए मतदान करने की अपील की।



### साय का कांग्रेस पर हमला

श्री साय ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा, कांग्रेस का असली चरित्र जनता के सामने है। वे समूचे बिहार में कहीं भी रेस में भी नहीं है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा, भूपेश बघेल पहले भी कई राज्यों के प्रभारी बनकर जा चुके हैं और वहां बड़ी-बड़ी बातें की हैं। जिन राज्यों के वे प्रभारी रहे, वहां कांग्रेस के पक्ष में क्या परिणाम रहा, यह पूरा देश जानता है। भाजपा की सरकार जहां भी होती है, वहां सिर्फ विकास होता है। मुंगेर विधानसभा में कुमार प्रणय के नामांकन आमसभा शामिल होकर उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा, भाजपा को दिया गया हर वोट बिहार को विकास की ओर ले जाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद अनुराग ठाकुर, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख, विधायक श्रीमती भावना बोहरा, सुशांत शुक्ला, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक म्हस्के सहित बिहार के विधायक एवं भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बिहार और छत्तीसगढ़ का आत्मीय और भावनात्मक संबंध

श्री साय ने कहा, छत्तीसगढ़ और बिहार का भौगोलिक संबंध तो है ही, साथ ही बिहार की धरती माता सीता का मायका है और छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल तथा माता कौशल्या का मायका है। हमारे यहां भगवान श्रीराम को भांजा माना जाता है। इस तरह बिहार और छत्तीसगढ़ का आत्मीय और भावनात्मक संबंध भी है। मुख्यमंत्री ने साय कहा, आज मतदाताओं और कार्यकर्ताओं ने भी दोनों हाथ उठाकर भारी संख्या में अपना आशीर्वाद दिया है। हमारे देश में नरेंद्र मोदी जैसे प्रधानमंत्री हैं, जो 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार मानते हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास उनका नारा है। आप देख रहे हैं कि किस तरह वे 24 घंटे में 18 घंटे देश के लिए काम करते हैं। मेरा सौभाग्य रहा कि जब 2014 में वे प्रधानमंत्री बने, तो मैंने उनके साथ काम किया। अपने पहले कार्यकाल में सबसे पहले उन्होंने गरीबों को उठाने का काम किया। उन्हें घर दिया, बिजली पहुंचाई, घर-घर शौचालय बनवाए, हमारी माताओं-बहनों को गैस सिलेंडर प्रदान किए और धुएं से मुक्ति दिलाई। उन्होंने एक सशक्त और मजबूत भारत का निर्माण किया, जिसे पूरी दुनिया आज सम्मान और गर्व से देखती है। ऐसा भारत जो पहले किसी को छेड़ता नहीं, और अगर कोई छेड़े तो छोड़ता नहीं।

# संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत, हाईकोर्ट ने एसआईटी जांच की मांग ठुकराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए नारायणपुर जिले में संदिग्ध परिस्थितियों में मारे गए व्यक्ति की मौत के मामले में एसआईटी जांच की मांग को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट



किया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा किए जाने वाले नियमित उग्रवादरोधी अभियान राज्य और केन्द्र की वैध शक्तियों के तहत आते हैं। इसलिए इनकी स्वतंत्र जांच का आदेश देना उचित नहीं होगा।

- कोर्ट ने कहा नक्सल विरोधी अभियान राज्य पुलिस व केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों के वैध प्राधिकार अंतर्गत

हाईकोर्ट ने कहा कि मृतक को हुए घावों के वास्तविक कारण का निर्धारण संभव नहीं है। रिपोर्ट में उल्लेख है कि फ्रैक्चर, सिर या रीढ़ की हड्डी में चोटें, गिरने या मलबे से टकराने से हुई हो सकती है। याचिकाकर्ता ने सुरक्षा बलों पर यातना देने का आरोप लगाया था, लेकिन कोर्ट ने कहा कि इन आरोपों को साबित करने के लिए कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत अभिलेखों में बताया गया कि मृतक एक आदतन अपराधी था। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और बस्तर क्षेत्र में उसके खिलाफ 29 आपराधिक प्रकरण दर्ज थे। महाराष्ट्र में 6 और तेलंगाना में 2 गंभीर अपराधों में भी वह वांछित था। मृतक वर्ष 2007 में ही घर छोड़ चुका था और उसकी मां एवं परिजन को उसके ठिकाने की जानकारी नहीं थी। शव मिलने की खबर भी मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से परिजनों को पता चली।

हाईकोर्ट ने यह भी माना कि मृतक नक्सली गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल था और जंगल क्षेत्रों में कार्यरत था, जहां इस तरह की चोटें या घटनाएं असामान्य नहीं मानी जा सकती है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि नक्सल विरोधी अभियान राज्य पुलिस और केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों के वैध प्राधिकार के अंतर्गत आने वाले अभियान हैं। इन अभियानों की एसआईटी से जांच कराने का आदेश देने से संविधान के संघीय ढांचे और पुलिस शक्तियों के अधिकार क्षेत्र पर असर पड़ेगा। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में न्यायिक हस्तक्षेप की सीमाएं हैं और प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर याचिका को निराधार पाते हुए खारिज कर दिया गया।

# नान घोटाला में सेवा निवृत्त आईएएस शुक्ला, टूटेजा को मिली जमानत

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

एक दशक पूर्व नान घोटाला में आरोपी बनाए गए सेवानिवृत्त आईएएस आलोक शुक्ला तथा अनिल टूटेजा को ईडी की विशेष अदालत ने जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट से जमानत खारिज होने के बाद दोनों आरोपियों ने पिछले महीने 22 सितंबर को कोर्ट में सरेंडर किया था। इसके बाद दिल्ली से ईडी की टीम ने दोनों से पूछताछ करने पुलिस रिमांड की मांग की थी। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 16 अक्टूबर तक रिमांड पर देने का फैसला सुनाया था। रिमांड समाप्त होने के बाद श्री शुक्ला तथा टूटेजा को कोर्ट में किया गया। नागरिक आपूर्ति निगम में चावल, नमक और अन्य खाद्य पदार्थों के परिवहन और भंडारण में गड़बड़ी की शिकायत के बाद 12 फरवरी 2015 को एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने 28 ठिकानों पर छापेमारी की। जांच में नान के रायपुर मुख्यालय से दो करोड़ रुपए नकद जब्त किए गए। इसके बाद 16 लोगों के खिलाफ 5000 पन्नों से अधिक का चालान कोर्ट में पेश किया गया। उस समय आलोक शुक्ला खाद्य सचिव और अनिल टूटेजा नान के एमडी थे। केंद्र से अनुमति मिलने पर दोनों के खिलाफ अलग पूरक चालान भी कोर्ट में पेश किया गया। हाईकोर्ट में मिली जमानत को ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में खारिज करने आवेदन पेश किया था। ईडी के आवेदन पर सुप्रीम कोर्ट ने दोनों आरोपियों का जमानत आवेदन खारिज कर दिया था। जमानत शर्तों के अनुसार पासपोर्ट जमा करने, सुनवाई के दौरान उपस्थिति दर्ज कराने, बिना सूचना शहर से बाहर नहीं जाने और 2 लाख रुपए का बांड पेश करने पर जमानत दी गई है।


36गढ़ में 36 साल...

RAMKRISHNA CARE HOSPITALS

आप सभी को नमस्कार,

छत्तीस साल पहले, छत्तीसगढ़ में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के मजबूत इरादे के साथ रामकृष्ण सर्जिकल नर्सिंग होम के रूप में 25 बिस्तरों वाली एक छोटी इकाई की शुरूआत हुई थी।

अपने इरादों को साकार करते हुए आज हम 400 से अधिक बिस्तरों, 125 विशेष आईसीयू बिस्तरों, आत्याधुनिक उपकरणों, विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में नित नये आयाम स्थापित करते हुए न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पड़ोसी राज्यों के मरीजों को भी अच्छे स्वास्थ्य की सौगात दे रहे हैं।

सबसे पहली लेप्रोस्कोपिक सर्जरी से लेकर सबसे पहली रोबोटिक सर्जरी तक, विश्व स्तरीय लिवर, पिडियाट्रिक लिवर, कैडेवर, किडनी व बोनमैरो ट्रांसप्लांट करने वाले छत्तीसगढ़ में हम पहले हैं। इन सुविधाओं के चलते अब लोगों को ट्रांसप्लाट के लिए महानगरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ती।

मुझे बेहद खुशी है कि जटिल बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों एवं परिजनों के बीच हमने अपनी पहचान फर्स्ट चॉईस की बनाई है। हमारे पास से उन्हें कभी सैकेण्ड ओपिनियन की जरूरत नहीं पड़ती। मेरा विशेष अनुरोध है कि केस पूरी तरह बिगड़ जाने के बाद हमारे पास आने से बेहतर है कि पहले ही हमारे पास आएं और मैं आपको भरोसा दिलाता हूँ कि आपको कहीं और जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

मैं और मेरी पूरी टीम इलाज की गुणवत्ता से समझौता किये बिना अपनी बेहतरीन और विश्वस्तरीय सेवाओं द्वारा हर एक पेशेंट को अच्छा स्वास्थ्य देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने पहले भी किया है और आगे भी हमारा संकल्प है कि हम स्वास्थ्य के क्षेत्र में आने वाली हर नई तकनीक व सुविधाओं को यहाँ लाने और अपनाने में हमेशा अग्रणी रहेंगे।

हम पर आप सभी के अटूट विश्वास के लिए कृतज्ञतापूर्ण आभार....

स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं, स्वस्थ रहें।

डॉ. संदीप दवे
मैनेजिंग एंड मेडिकल डॉयरेक्टर



श्रेष्ठता के साथ
अच्छे स्वास्थ्य का विश्वास

2.5 लाख + जनरल एंड लेप्रोस्कोपिक सर्जरी | 500 + रोबोटिक सर्जरी | 3 लाख + इमरजेंसी केस

विश्वस्तरीय ट्रांसप्लांट्स
• लिवर ट्रांसप्लांट • किडनी ट्रांसप्लांट • हार्ट ट्रांसप्लांट • बोनमैरो ट्रांसप्लांट

24 x 7 मेडिकल इमरजेंसी एवं ट्रामा केयर

श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय
रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर

0771 6165656

MAHESHWARI

बिलासपुर

शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025

कार्तिक कृष्ण पक्ष एकादशी

वर्ष : 25, अंक : 205

पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 4.00***

मौसम

अधि. 31.6

न्यून. 22.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





5 गिल की कप्तानी में भारत-ऑस्ट्रेलिया

विचार पेज

ग्रीन पटाखों की अनुमति से खुशी







पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने पार्टी संगठन की रिपोर्ट पर लिया बड़ा फैसला

# गुजरात के सभी 16 मंत्रियों का इस्तीफा कुछ नए चेहरों के साथ आज नई कैबिनेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

गुजरात सरकार के सभी मंत्रियों ने बृहस्पतिवार को अपना इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल को छोड़कर सभी मंत्रियों के त्याग पत्र ने सबको चौंकाया। राजनैतिक हलकों में इसे सरकार की शक्ल बदलने की कवायद माना जा रहा है। दिल्ली में भाजपा के भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि गुजरात में मंत्रियों का इस्तीफा यकायक नहीं है बल्कि इसकी कवायद पिछले कई दिनों से चल रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह राज्य सरकार के मंत्रियों की परफार्मेंस से खुश नहीं थे। गुजरात में पार्टी संगठन से भी कुछ मंत्रियों को लेकर रिपोर्ट अच्छी नहीं मिल रही थी। जनता के बीच असंतोष भी अंदरखाते दिखने लगा था। दो साल बाद चुनाव है ▶▶|शेष पेज 4 पर

■ कुछ मंत्रियों की असंतोषजनक परफार्मेंस बनी वजह, क्षेत्रीय संतुलन साधना भी एक वजह

*गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाले गुजरात मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार को होगा। इससे पहले गुरुवार को राज्य के सभी 16 मंत्रियों ने अपने पदों से इस्तीफा सौंप दिया है। आगामी मंत्रिमंडल विस्तार में राज्य को लगभग 10 नए मंत्री मिल सकते हैं, और लगभग आधे मौजूदा मंत्रियों को बदला जा सकता है।*

### क्या गुजरात फॉर्मूले के चलते मंत्रियों को छोड़ना पड़ा पद?

2022 में गुजरात में विधानसभा चुनाव हुए थे। चुनाव से 15 महीने पहले सितंबर 2021 में राज्य की पूरी कैबिनेट बदल दी गई थी। इस बार राज्य में चुनाव को करीब 26 महीने बचे हुए हैं। हालांकि, इस बार मुख्यमंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया है सिर्फ उनके कैबिनेट सहयोगियों ने पद छोड़े हैं। 2021 में तो पांच साल के अंदर दो बार मुख्यमंत्री बदल दिए गए थे। 2017 में जब चुनाव हुआ था, तब विजय भाई रूपाणी को सीएम बनाया गया था, लेकिन 2021 में उन्हें हटाकर भूपेंद्र पटेल को जिम्मेदारी दे दी गई।



गांधीनगर में आज सुबह 11.30 बजे नई कैबिनेट की शपथ होगी

### ऐसे कयास भी

इस फेरबदल को राज्य में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी से जोड़ा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मंत्रिमंडल में नए चेहरे शामिल किए जा सकते हैं, दो उपमुख्यमंत्री भी बनाए जा सकते हैं। गुजरात कैबिनेट में सीएम समेत 17 मंत्री थे, जिसमें 8 कैबिनेट और 8 राज्य मंत्री थे। अब यह संख्या बढ़कर 22-23 हो सकती है। कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक भी मंत्री बन सकते हैं।

### क्या एंटी इनकंबेंसी को खत्म करने की कोशिश?

चुनाव में 182 में से 103 नए चेहरों को टिकट दिया गया। पांच मंत्रियों समेत 38 विधायकों के टिकट काट दिए गए। 2022 के चुनाव में में इसका नतीजा भी देखने को मिला। भाजपा ने गुजरात में रिकॉर्ड 156 सीटें हासिल की। कहा जा रहा है इसी फॉर्मूले के तहत गुजरात कैबिनेट के मंत्रियों की छुट्टी हुई है। विश्लेषक मानते हैं कि चेहरे बदलकर भाजपा राज्य में लंबे समय से चल रही सरकार के प्रति होने वाली एंटी इनकंबेंसी को खत्म कर देती है। नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद से पूरी कैबिनेट को चुनाव से करीब 15 महीने पहले बदला जा रहा था। हालांकि, इस बार ये बदलाव थोड़ा जल्दी हुआ है।

एंटी करप्शन ब्यूरो का एक्शन

## पदस्थापना के लिए मांगी रिश्वत, दो बाबू अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने गुरुवार को एक ही विभाग के दो लिपिकों को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। मामला स्वास्थ विभाग का है। उच्च न्यायालय द्वारा स्वास्थ विभाग के वाहन चालक के पदस्थापना की अर्जी पर स्टे आर्डर मिला।

स्वास्थ विभाग के दो लिपिकों द्वारा वाहन चालक से पुनः पदस्थापना के लिए रिश्वत की मांग की गई। इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो में करने के बाद रायपुर से पहुंचे एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर की टीम ने स्वास्थ विभाग के दो कर्मचारियों को रिश्वत ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कानूनी कार्रवाई जारी

शिकायत की पुष्टि के बाद 16 अक्टूबर को एसीबी टीम ने बालोद पहुंचकर जाल बिछाया। जैसे ही दोनों आरोपी कर्मचारियों ने 15–15 हजार रुपए, कुल 30 हजार रुपए की दूसरी किस्त ली, टीम ने उन्हें मौके पर ही रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी ने दोनों आरोपियों युगल किशोर साहू और सुरेंद्र कुमार सोनकर को गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7 के तहत कानूनी कार्रवाई जारी है।

### अभिनेत्री मधुमती का निधन

मुंबई। गुजरे जमाने की अभिनेत्री-नृत्यांगना मधुमती का जुहू स्थित उनके आवास पर उम्र संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया। वह 84 वर्ष की थीं। पहले उनका नाम हुटोक्सी रिपोर्टर था लेकिन दिलीप कुमार की फिल्म मधुमती की रिलीज के बाद अपना नाम बदल लिया।







## चिंतन

# बच्चे की तरह बयानबाजी क्यों कर रहे डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़बोलापन कहीं थमने का नाम नहीं ले रहा है। दुनिया के सबसे ताकतवर देश के राष्ट्रपति होकर भी उनकी हरकतें उस बिगड़ैल बच्चे के समान होती जा रही हैं जो अपनी जिद पूरी न होने पर चीखता-चिल्लाता और हाथ-पैर पटकता है। उनकी हर टिप्पणी हैरान करने वाली होती है। वो ऐसे इंसान हैं, जो कभी भी, कुछ भी कह सकते हैं। कभी भारत को डूबती अर्थव्यवस्था बताने वाले ट्रंप अब कह रहे हैं कि जल्द ही भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मेरे दोस्त हैं। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत के रूस से तेल खरीदने से मुझे खुशी नहीं थी, लेकिन आज पीएम मोदी ने मुझे भरोसा दिया कि वे रूस से तेल नहीं खरीदेंगे। अब हमें चीन से भी यही करवाना होगा। दरअसल, अमेरिका अगस्त 2025 में भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगा चुका है। इससे पहले उसने 25 फीसदी रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50 फीसदी हो गया है। जिस दिन से टैरिफ लगा है ट्रंप समेत अमेरिकी प्रशासन के अनेक सदस्य भारत को लेकर बयानबाजी करते आ रहे हैं। खुद ट्रंप भी लगातार ऐसा कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी उन्होंने ऐसा ही किया था। वो लगातार दावा करते रहे हैं कि उन्होंने ही युद्ध विराम करवाया था। डोनाल्ड ट्रंप कहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के दौरान शांति कायम करने में मदद की थी। उनके हस्तक्षेप से दोनों देश युद्ध के कगार से पीछे हटने को मजबूर हुए। ट्रंप की यह टिप्पणी ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50 टैरिफ के लागू होने से कुछ ही घंटे पहले आई थी। हालांकि, भारत शुरू से ही ट्रंप के सीजफायर कराने के दावे को खारिज करता रहा है, लेकिन ट्रंप हैं कि मानने को तैयार ही नहीं हैं। ऐसे ही उन्होंने भारत की दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था को डूबता हुआ बता दिया था। इसी से साफ हो गया था कि ट्रंप एक दिग्भ्रमित या फ्रस्टेटेड राजनेता हैं और ये उनकी नकारात्मक सोच है। ट्रंप को समझ लेना चाहिए कि कौए के कोसने से आसमान नहीं गिरा करता। भारत तेजी से विकसित हो रही विश्व की प्रमुख गतिशील इकोनॉमी है जिसने ब्रिटेन को भी पीछे छोड़ दिया है। एशियाई विकास बैंक ने भी 6.5 फीसदी वृद्धि का अनुमान जाहिर किया है। भारत में कार्यक्षम युवा आबादी की औसत आयु 28.8 वर्ष है जबकि अमेरिका में 38.5 वर्ष है। इस लिहाज से जवान सक्रिय वर्क फोर्स या कार्यबल के मामले में भारत बेहतर स्थिति में है। भारत में प्रचुर मानव संसाधनों के अलावा तकनीक में कुशल युवा भी बड़ी तादाद में हैं जो अंतरिक्ष, एआई आदि क्षेत्रों में सक्रिय रहकर देश की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में लगे हैं। इकोनॉमी को यही आगे बढ़ाते हैं। ट्रंप के कहने से न तो इकोनॉमी बढ़ने वाली है और न ही डूबने वाली। अब वो दावा कर रहे हैं कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा। जबकि भारत पूरी तरह से साफ कर चुका है कि वो अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए फैसले लेने को स्वतंत्र है। इसके लिए हमें अमेरिका तो क्या दुनिया की कोई भी ताकत बाध्य नहीं कर सकती। इसके बावजूद ट्रंप अपना राग अलाप रहे हैं। ऐसा उन्होंने पहली बार नहीं किया है। वो बार-बार ऐसा करके दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब का नया भारत किसी के दबाव में आने वाला नहीं है। वो अपने फैसले खुद करता है।

# ग्रीन पटाखों की अनुमति से खुशी



**राहत**
योगेश कुमार सोनी

सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को राहत देते हुए ग्रीन पटाखे बेचने और जलाने की अनुमति दी है। यह अनुमति 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक के लिए है। अदालत का यह फैसला प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ-साथ त्योहार की परंपरा को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दरअसल यह पटाखे राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान की खोज हैं जो अन्य पटाखों जैसे ही होते हैं पर इनके जलने से कम प्रदूषण होता है और इससे निकला प्रदूषण अन्य पटाखों की तरह खतरनाक नहीं होता। सरकार जिन पटाखों की पैरवी कर रही है उनके विषय में यह बताया जाता है कि ग्रीन पटाखों से 30 प्रतिशत कम प्रदूषण होता है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को राहत देते हुए ग्रीन पटाखे बेचने और जलाने की अनुमति दी है। यह अनुमति 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक के लिए है। अदालत का यह फैसला प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ-साथ त्योहार की परंपरा को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आपको यह बताते हैं कि ग्रीन पटाखे क्या होते हैं। दरअसल यह पटाखे राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान की खोज हैं जो अन्य पटाखों जैसे ही होते हैं पर इनके जलने से कम प्रदूषण होता है और इससे निकला प्रदूषण अन्य पटाखों की तरह खतरनाक नहीं होता। ऐसे पटाखों को पूरे देश में लाने के लिए सरकार काम कर रही है। अब यदि दिल्ली-एनसीआर के परिवेश में बात करें तो बीते कुछ वर्षों में यहां की आबोहवा में जरूरत से ज्यादा फर्क आ गया। बढ़ते ट्रांसपोर्ट, पराली जलाने और इसके साथ ही पटाखों के प्रदूषण से दिल्ली-एनसीआर के लोगों की जान आफत में रहती है। दरअसल, यह वो समय होता है कि प्रदूषण हवा में घुलकर रह जाता है क्योंकि सर्दी की प्रारंभिकता होती है और मौसम में बदलाव की वजह से हवा नहीं चलती जिससे यह 50 से 70 फुट तक ही घूमता रहता है। इस वजह से सांसों के जरिये हमारे शरीर में घुसकर यह स्वास्थ्य पर सीधा प्रहार करता है। केंद्र सरकार हो या राज्य सरकारें, इस मामले में हर कोई गंभीरता दिखाते हुए काम कर रहा है। बीते दशक भर में दिल्ली में दिवाली के आसपास प्रदूषण की स्थिति खतरनाक हो जाती है और कोर्ट का मानना है कि पटाखों से प्रदूषण और अधिक हो जाता है।

इस प्रकरण की अहम बात यह है कि पटाखों में प्रतिबंध के बावजूद ब्रिकी में कोई कमी नहीं आती। चूंकि प्रशासन की सेटिंग से दुकानदार धड़ल्ले से पटाखें बेचते हैं और लोग जमकर खरीदते भी हैं। बीते 7 अक्टूबर दिल्ली सरकार ने कहा था कि वह सुप्रीम कोर्ट जाएगी और ग्रीन पटाखों की अनुमति लेगी जैसा कि वर्ष 2019 से दिल्ली में सभी पटाखों पर बैन है और मुख्यमंत्री ने जनभावना को देखते हुए सीमित ग्रीन पटाखे चलाने की इजाजत मांगी थी। दिल्ली सरकार ने कहा है कि अगर सुप्रीम कोर्ट पटाखों से प्रतिबंध हटाता है तो हम वो सभी कदम उठाने को तैयार हैं कि जिससे निर्देशों का पूरी तरह से पालन होगा। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि अगर पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध हटा लिया जाता है तो हम अदालत के आदेश के आलोक में आवश्यक कदम उठाने के लिए तुरंत एक बैठक करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि आदेश का पालन हो। सरकार जिन पटाखों की पैरवी कर रही है उनके विषय में यह बताया जाता है कि ग्रीन पटाखों से आम पटाखों से 30 प्रतिशत कम प्रदूषण होता है लेकिन कई वर्षों से पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार न तो इसके लिए कोई काम कर पाई थी और न ही जागरुकता फैला पाई थी। इस बार बारी भारतीय जनता पार्टी की जिसको इस कसौटी पर खरा उतरना बाकी है। चूंकि आम आदमी पार्टी के समय में बीजेपी के कई बड़े नेता इस मामले को लेकर केजरीवाल को घेरते थे और कहते थे कि थे कि पटाखे पर बैन लगाना हिंदुत्व पर प्रहार है हालांकि आदेश हर बार कोर्ट का ही



होता था और अब भी कोर्ट का ही है लेकिन दिल्ली सरकार अब अपनी कितनी सक्रियता दिखाते हुए किस तरह का हल निकालती है,यह देखना बाकी है। दरअसल हम प्रदूषण को लेकर आज तक यह तय नहीं कर पाए कि इसकी असली वजह क्या है? इस मामले को लेकर विशेषज्ञों की अलग-अलग राय है।

कुछ कहते हैं कि सर्दियों के मौसम में प्रदूषण बढ़ ही जाता है और बीते लगभग दो दशकों में दिल्ली-एनसीआर में सबसे अधिक प्रदूषण बढने का कारण यह रहा कि दिल्ली से सटे हर कोने में जितनी हरियाली थी वहां बड़ी-बड़ी इमारतें बन चुकी हैं। जैसे कि गाजियाबाद से सटे राज नगर में लाखों फ्लैट बन चुके। दूसरी ओर गुरुग्राम में जितनी हरियाली थी आज वहां एक-एक इंच जगह किसानों ने बेच दी और मुआवजे में आ चुकी और वहां भी लाखों फ्लैट बन चुके बल्कि एशिया के सबसे महंगे फ्लैट बिकने लगे। वहीं तीसरी ओर लोनी बॉर्डर चौथी और फरीदाबाद में भी यही स्थिति है। इसके अलावा विशेषज्ञों का मानना है कि हमेशा पराली को लेकर भी प्रदूषण को सबसे बड़ा कारण है चूंकि लेकिन पराली जलाने से वायु प्रदूषण काफी बढ़ जाता है क्योंकि यह हवा में हानिकारक गैसों और कणों को छोड़ता है जैसे कि मीथेन, कार्बन मोनोऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर। यह धुंध का निर्माण करता है जो शहर में वायु गुणवत्ता को खराब करता है। पराली जलाने के कारण प्रदूषण का स्तर सर्दियों के महीनों में विशेष रूप से गंभीर होता है,क्योंकि धीमी हवाएं इन प्रदूषकों को शहर के ऊपर फंसा लेती हैं। वहीं दिल्ली-एनसीआर में हर रोज सैकड़ों वाहन खरीदे जाते हैं अर्थात राजधानी में अपनी क्षमता से अधिक वाहन हो चुके जो प्रदूषण बढ़ने का भी एक बड़ा कारण है। पटाखों को लेकर कोर्ट की सबसे जटिल समस्या यह है कि दीपावली आने का समय सर्दी होती है और उस समय दिल्ली में प्रदूषण की प्रारंभिकता बहुत बढ़ जाती है और कोर्ट द्वारा यह समझा जाता है कि पटाखे जलाने से प्रदूषण बहुत अधिक मात्रा में बढ़ जाता है। लेकिन प्रतिबंध के बावजूद पटाखों के बेचने व खरीदने में किसी प्रकार की कोई कमी देखने को नहीं मिलती। ग्रीन पटाखों के नाम पर हल निकालने का प्रयास किया जाता है लेकिन वह भी अब तक विफल है। पटाखों पर प्रतिबंध कुछ लोग अपनी आस्था पर चोट समझते हैं जिसको लेकर कई हिंदूवादी संगठनों व नेताओं के ब्यान हर वर्ष देखने व सुनने मिलते हैं। यह बात तो तय है कि दिवाली हिंदुओं के सबसे बड़े त्योहारों में से एक है और इस पर्व पर आखिर पटाखे न जलाकर कैसे पर्व पूरा समझा जाए। जब से सनातन का उदय हुआ है तब से यह प्रथा चली आ रही है और वह भी हम न निभा पाएं तो त्योहार पूरा नहीं लगता।

सवाल यही है कि दिल्ली में इसका समाधान कैसे संभव है चूंकि अब हर वर्ष यही देखने व सुनने को मिलता है जो हिंदुओं को कुंठित कर रहा है। कोर्ट व जनता के बीच फंसा यह भावनात्मक घटनाक्रम अब निराशा के रूप में बड़ा आकार ले रहा है। हाल ही में दिल्ली में कई जगहों पर अवैध रूप से पटाखे बेचने पर छापेमारी भी की जा रही है लेकिन बावजूद इसके ब्रिकी धड़ल्ले से जारी है। इसमें एक सवाल यह उठकर आ रहा है कि आखिर राजधानी में इतना पटाखा कहां से आ रहा है? चूंकि पूर्ण रूप से प्रतिबंध होने के बावजूद इतनी मात्रा में आखिर किस तरह इतने बम-पटाखे लाए जा रहे हैं? हालांकि स्थिति स्पष्ट है कि बिना प्रशासन की मिलीभगत से यह कैसे भी संभव नहीं है,तो फिर यह ड्रामा क्यों किया जा रहा है? इस खेल में कई लोग फंस सकते हैं। बहरहाल कोर्ट व सरकार ने इसका कुछ समाधान तो निकाला जिससे लोगों के मन की कुंठा भी निकली व त्योहार भी मन जाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## श्रद्धांजलि
डॉ. घनश्याम बादल



# असमय जाना 'कर्ण' का

दूरदर्शन सीरियलों 'महाभारत' के कर्ण और 'चंद्रकांता' के शिवदत्त जैसे ऐतिहासिक पात्रों का जीवंत अभिनय करने वाले एक्टर और निर्देशक पंकज धीर का जाना उन दर्शकों को अधिक अखरेगा जो शांत और गहरा अभिनय देखने के लिए टेलीविजन सेट खोलते हैं या फिल्म हॉल में जाते हैं। हालांकि पंकज धीर लोकप्रिय सिनेमा में कोई बहुत बड़ा नाम नहीं थे लेकिन फिल्मों के साथ-साथ टेलीविजन धारावाहिकों में उनकी उपस्थिति हमेशा उल्लेखनीय रही। टेलीविज़न के इतिहास में यदि किसी अभिनेता ने अपने अभिनय से देवताओं, योद्धाओं और आदर्श पुरुषों के चरित्र को जीवंत किया है, तो उनमें पंकज धीर का नाम अग्रणी रहा। "महाभारत" के कर्ण के रूप में उन्होंने जो छाप छोड़ी वह अमिट है। चंद्रकांता धारावाहिक में भी शिवदत्त के छोटे से रोल में उनका एक डायलॉग 'कोई शक' दर्शकों के दिलों दिमाग पर छाया रहा। पंकज धीर का अभिनय केवल संवादों तक सीमित नहीं था, बल्कि भाव-भाषा और भंगिमा पर उनकी गज़ब की पकड़ को दर्शाता था। पंकज धीर 9 नवंबर 1956 को मुंबई में फिल्मी परिवार में जन्मे,उनके पिता सी.एल. धीर हिंदी सिनेमा के जाने-माने निर्देशक थे। अभिनय कला उन्हें विरासत में मिली। पंकज धीर ने भी अध्ययन पूरा करने के बाद फिल्मों में आना चुना और 1983 में फिल्मी करियर की शुरुआत की। समय के साथ उन्हें बड़ी फिल्में भी मिलने लगीं जिनमें "खून भरी मांग", "क्रोध", "बाज़ीगर", "तीसरी आंख", "सोने पे सुहागा", "सैनिक", और "सोल्जर" जैसी चर्चित फिल्में शामिल हैं। उनके किरदार प्रायः गंभीर, संयमी और प्रभावशाली व्यक्तित्व वाले रहे। लेकिन पंकज धीर को असली पहचान मिली महाभारत से। 1988 में बी.आर. चोपड़ा निर्मित "महाभारत" धारावाहिक में कर्ण की भूमिका ने पंकज धीर को लोकप्रियता के शिखर पर पहुँचा दिया। कर्ण का पात्र जटिल भावनाओं, आदर्शों, त्याग और त्रासदी का प्रतीक था।



पंकज धीर ने इस भूमिका को न केवल सशक्त अभिनय से जीवंत किया, बल्कि उसे ऐसा मानवीय रूप दिया कि आज भी दर्शक "कर्ण" का नाम सुनते ही उनके चेहरे को याद करते हैं। उनकी आंखों की गहराई, संवादों की गंभीरता और नैतिक द्वंद्व की अभिव्यक्ति ने उन्हें भारतीय टेलीविज़न के पारंगत एवं लोकप्रिय अभिनेताओं में शामिल कर दिया। "महाभारत" के इस पात्र ने पंकज धीर को प्रसिद्धि और सम्मान दोनों दिलाए।

"महाभारत" के बाद भी पंकज धीर ने कई अन्य धारावाहिकों में भी प्रभावी भूमिकाएँ निभाईं जैसे "बेताल पच्चीसी" में रहस्यमय नायक "चंद्रकांता" में राजसी व्यक्तित्व "युग", "दीया और बाती हम", और "बड़े अच्छे लगते हैं" जैसे धारावाहिकों में भी उन्होंने चरित्र निभाए। उनके अभिनय में परिपक्वता और शालीनता की झलक हमेशा बनी रही। पंकज धीर केवल अभिनेता ही नहीं, बल्कि एक सक्षम निर्देशक भी हैं। उन्होंने फिल्म "बैड बॉय" का निर्देशन किया, जिसमें उनके पुत्र निकितिन धीर ने मुख्य भूमिका निभाई। वे नई पीढ़ी के कलाकारों के लिए एक अभिनय प्रशिक्षण संस्थान भी चलाते थे। कैंसर से लंबी लड़ाई लड़ने वाले पंकज धीर की पत्नी अनीता धीर, स्वयं अभिनेत्री व डिजाइनर हैं। पुत्र निकितिन धीर ने भी चेन्नई एक्सप्रेस, डब्बा, शेरशाह जैसी फिल्मों में काम किया है। पंकज धीर का व्यक्तित्व अभिनय से कहीं बड़ा रहा। वे मानते थे "अभिनय केवल अभिनय नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति है।" भारतीय टेलीविज़न में जिस गंभीरता और गरिमा के साथ उन्होंने अपनी पहचान बनाई, वह उन्हें औरों से अलग करती थी। अभी भी केवल 68 वर्ष के थे और लंबी पारी खेल सकते थे लेकिन कैंसर से एक बार जंग जीतने के बावजूद वह पुनः उससे पीड़ित हुए और उन्हें जिंदगी की जंग हारनी पड़ी। एक प्रकार से पंकज धीर का अपने बेटे को फिल्म जगत में अच्छे से स्थापित करने का सपना भी उसी तरह अधूरा रह गया जैसे महाभारत में कर्ण का दुर्योधन को हस्तिनापुर का निर्विवाद शासक देखना और महाभारत का विजेता बनने का सपना अधूरा रह गया था। पिछले कुछ समय से जिस प्रकार फिल्मी दुनिया को विनोद खन्ना, ऋषि कपूर और इरफान जैसे कई बड़े कलाकार कैंसर की घातक बीमारी के कारण खोने पड़े हैं, वह एक चिंतनीय विषय है और आधुनिक जीवन शैली पर एक बड़ा प्रश्न चिह्न भी खड़ा करता है। यह सजग भी करता है कि ग्लैमर की दुनिया में सादगी और आत्म संयम भी बहुत जरूरी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# श्वास जीवन की पहली और आखिरी क्रिया



संकलित
**दर्शन**

क्या आपने कभी गिना है कि एक मिनट में आप कितनी बार श्वास लेते हैं? श्वास जीवन की पहली और अंतिम क्रिया है। पूरे जीवन भर हम श्वास लेते रहते हैं, पर उस पर ध्यान नहीं देते। शरीर की लगभग 90 प्रतिशत अशुद्धियाँ श्वास से बाहर निकलती हैं, क्योंकि हम 24 घंटे श्वास लेते हैं, पर अपनी फेफड़ों की क्षमता का केवल 30 प्रतिशत ही उपयोग करते हैं। एक मिनट में हम लगभग सोलह-सत्रह बार श्वास लेते हैं। यदि आप चिंतित हैं तो यह बीस तक बढ़ सकती है, यदि आप क्रोध या अत्यधिक तनाव में हैं तो यह पच्चीस तक जा सकती है। शांत और प्रसन्न होने पर यह लगभग 10 रहती है और ध्यानावस्था में केवल दो-तीन श्वास प्रति मिनट। गहरा ध्यान श्वास की गति को अत्यंत धीमा कर देता है। मन पतंग के समान है और श्वास उसकी डोर। पतंग जितनी ऊंची उड़ानी हो, डोर उतनी लंबी चाहिए। यदि आप श्वास पर ध्यान देना सीख लें, तो किसी औषधि की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। श्वास अपार ऊर्जा प्रदान करती है और प्राणशक्ति को बढ़ाती है। ऊर्जा के चार स्रोत बताए गए हैं- भोजन, नींद, प्राणायाम (सुदर्शन क्रिया) और ध्यान में बिताए गए क्षण। इन सबका संतुलन समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सुदर्शन क्रिया के लयबद्ध श्वास-प्रवाह से शरीर की विषाक्तता घटती है और मन में शांति बढ़ती है। शोध से यह प्रमाणित हुआ है कि सुदर्शन क्रिया रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाती है।

# कोयला और चंदन



संकलित
**प्रेरणा**

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अन्न की बर्बादी और अति खाना हानिकारक

16 अक्तूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया गया। इसी दिन वर्ष 1945 को दुनिया में पहली बार संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भुखमरी से निपटना भी है। वर्ष 1979 में विश्व खाद्य दिवस प्रथम बार मनाया गया था। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर में खाद्य सुरक्षा और संतुलित भोजन के प्रति जागरूक करना भी हो गया है। भोजन प्राणी जाति के तंदुरुस्त रहने के लिए लिए बेहद जरूरी है, लेकिन भोजन संतुलित और प्रकृति के दायरे में होना चाहिए। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में यह बताया गया है कि हमारे देश की रैंकिंग में कुछ सुधार हुआ है। इस बार हमारा देश 105वें स्थान पर रहा, हालांकि बांग्लादेश 84वें, नेपाल 68वें और श्रीलंका 56वें स्थान पर हैं। *– ब्रिजेश पटेल, जगदलपुर*

## करंट अफेयर

# उरुग्वे में इच्छामृत्यु देने वाला कानून किया पारित

उरुग्वे की सीनेट ने इच्छामृत्यु को अपराधमुक्त करने वाला कानून पारित कर दिया है जिससे यह दक्षिण अमेरिकी देश उन कुछ अन्य देशों में शामिल हो गया है जहां गंभीर रूप से बीमार मरीज अपना जीवन समाप्त करने के लिए कानूनी रूप से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। बुधवार को उठाए गए इस कदम से उरुग्वे कैथोलिक बहुल लैटिन अमेरिका में कानून के तहत इच्छामृत्यु की अनुमति देने वाला पहला देश बन गया है। उरुग्वे में सत्तारूढ़ वामपंथी गठबंधन की सीनेटर पेट्रीसिया क्रेमर ने देश की राजधानी मोंटेवीडियो में सांसदों से कहा, 'जनमत हमें इस पर विचार करने के लिए कह रहा है।' पिछले पांच साल से रुक-रुक कर आगे बढ़ते रहे इस कानून ने बुधवार को उस समय आखिरी बाधा पार कर ली जब संसद के उच्च सदन में 31 में से 20 सीनेटर ने इसके पक्ष में मतदान किया। निचले सदन ने अगस्त में इस विधेयक को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी थी। चर्चा के दौरान सत्तारूढ़ 'ब्रॉड फ्रंट' गठबंधन के सांसदों ने इच्छामृत्यु के अधिकार का जोरदार बचाव किया और इसके लिए चलाए गए अभियान की तुलना तलाक एवं समलैंगिक विवाह की वैधता से की। अमेरिकी राज्यों, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में इच्छामृत्यु के लिए आवेदन करने का अधिकार केवल उन लोगों को दिया जाता है जिनके जीने की संभावना छह महीने या एक साल से अधिक नहीं है।



## ऑफ बीट


# दुनिया में हर साल बढ़ेंगे 57 अत्यधिक गर्म दिन



दुनिया इस सदी के अंत तक हर साल लगभग दो महीने तक 'अत्यधिक गर्म' दिनों का सामना करेगी और इसका सबसे ज्यादा असर छोटे व गरीब देशों पर पड़ेगा, जबकि सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक देशों को इसकी मार कम झेलनी पड़ेगी। बृहस्पतिवार को जारी एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है। हालांकि, 2015 के पेरिस जलवायु समझौते के बाद से उत्सर्जन कम करने के प्रयासों ने गंभीर स्थिति को कुछ हद तक रोका है। अध्ययन के मुताबिक, अगर यह समझौता नहीं हुआ होता तो पृथ्वी को हर साल 114 और घातक गर्म दिनों का सामना करना पड़ता। 'वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन' और अमेरिका स्थित 'क्लाइमेट सेंट्रल' के वैज्ञानिकों ने विभिन्न मॉडल की वास्तविक समय के साथ तुलना करते हुए कंप्यूटर के जरिए यह गणना की है कि पेरिस समझौते से कितनी राहत मिली है। अध्ययन के अनुसार, यदि सभी देश अपने वादों को पूरा करते हैं और वर्ष 2100 तक तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस बढ़ता है तो दुनिया को अब की तुलना में 57 अतिरिक्त गर्म दिन झेलने होंगे। लेकिन यदि तापमान चार डिग्री सेल्सियस बढ़ा तो यह संख्या दोगुनी हो जाएगी। 'क्लाइमेट सेंट्रल' की वैज्ञानिक क्रिस्टिना डाल ने कहा, 'जलवायु परिवर्तन से दर्द और नुकसान तो होगा।

## ट्रेंड

### बस्तर नक्सली हिंसा मुक्त



यह अत्यंत हर्ष की बात है कि आतंक का गढ़ रहे छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और नॉर्थ बस्तर को आज नक्सली हिंसा से पूरी तरह मुक्त घोषित कर दिया है। अब छिटपुट नक्सली केवल साउथ बस्तर में बचे हैं, जिन्हें सुरक्षा बल शीघ्र ही समाप्त कर देंगे।
**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### न्याय की दिशा



हमारे प्यारे ज़ुबिन के लिए न्याय की दिशा में एक और कदम। सिंगापुर पुलिस के अधिकारी 21 अक्टूबर को विशेष पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) और विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रमुख मुन्ना गुप्ता के नेतृत्व वाली असम पुलिस टीम से मिलेंगे।
**-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम**

### साईं चाँडूराम को श्रद्धांजलि



सिंधी समाज के संत शिरोमणि, पूज्य श्री शांति आश्रम के पीठाधीश्वर, साईं चाँडूराम साहिब के देवलोकगमन का समाचार अत्यंत दु:खद है। उनका जीवन-दर्शन हम सभी को सदैव प्रेरित करता रहेगा।
**-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### निष्पक्ष और तेज जांच हो



पिछले महीने मशहूर गायक ज़ुबिन गर्ग की संदिग्ध मौत ने देशभर के संगीत प्रेमियों को झकझोर दिया था। सरकार से हमारी अपील है कि जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस मामले की निष्पक्ष और तेज जांच कराई जाए। इस मामले की न्यायिक प्रक्रिया को भी तेज़ किया जाए।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

अमेरिकी प्रेसिडेंट के दावे का भारतीय विदेश मंत्रालय का किया खंडन

# 'राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच कल कोई बात नहीं हुई'

## रूस से तेल खरीदने को लेकर यूएस की तरफ से दिया गया था बयान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम के बीच कल कोई बात नहीं हुई। भारत की ओर से रूसी तेल खरीद को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के एक बयान पर विदेश मंत्रालय ने रिएक्ट किया है। एमईए प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से जब पूछा गया कि क्या प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच कोई बातचीत हुई है या टेलीफोन आया है? इस पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मुझे दोनों नेताओं के बीच कल हुई किसी बातचीत की जानकारी नहीं है।

### एमईए की खरी-खरी


पूरा विवाद उस समय सामने आया जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक महान व्यक्ति और भारत को एक अविश्वसनीय देश बताया है। इस बीच उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि भारत अब और रूसी तेल नहीं खरीदेगा। इसे तुरंत नहीं किया जा सकता है। यह एक छोटी सी प्रक्रिया है, लेकिन यह जल्द ही पूरी हो जाएगी, और हम राष्ट्रपति पुतिन से बस यही चाहते हैं कि वे युद्ध रोकें।

### 'बातचीत की कोई जानकारी नहीं'

ट्रंप की ओर से रूसी तेल खरीद के संबंध में किए गए दावे पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि रविवार को पीएम मोदी और यूएस राष्ट्रपति ट्रंप के बीच कोई बात नहीं हुई। उनके बीच किसी भी तरह की बातचीत की जानकारी नहीं है। रूस से तेल खरीद पर भी एमईए प्रवक्ता ने जवाब दिया।

### भारतीय हितों की रक्षा हमारा दायित्व

रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत तेल और गैस का एक महत्वपूर्ण आयातक है। अस्थिर ऊर्जा परिदृश्य में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना हमारी निरंतर प्राथमिकता रही है। हमारी आयात नीतियां पूरी तरह इसी उद्देश्य से निर्देशित होती हैं। एमईए प्रवक्ता ने आगे कहा कि स्थिर ऊर्जा मूल्य और सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारी ऊर्जा नीति के दोहरे लक्ष्य रहे हैं। इसमें हमारी ऊर्जा स्रोतों का व्यापक आधार बनाना और बाजार की स्थितियों के अनुरूप विविधीकरण करना शामिल है।



### आधिकारिक बयानों पर चलता रूस

मामले पर रूस की दो-तरफा प्रतिक्रिया आई है। जिसमें पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पत्रकारों से बातचीत में साफ किया कि रूस अपने तेल निर्यात को लेकर भारत और चीन के विदेश मंत्रालयों के आधिकारिक बयान पर ही भरोसा करता है न कि किसी और के दावे पर। यह बयान सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं और हमारा देश इन्हीं के तहत अपने तमाम कदम उठाता है। नई दिल्ली में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा, रूसी कच्चा तेल ही वैश्विक बाजार में कीमतों के हिसाब से सबसे सस्ते और प्रभावी विकल्प के रूप में मौजूद है। रूस के भारत के साथ ऊर्जा संबंध उनके राष्ट्रीय हितों के तहत बिलकुल दुरुस्त हैं।

### अमेरिका को लेकर यह कहा

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि जहां तक अमेरिका का संबंध है, हम कई वर्षों से अपनी ऊर्जा खरीद का विस्तार करने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले दशक में इसमें लगातार प्रगति हुई है। वर्तमान प्रशासन ने भारत के साथ ऊर्जा सहयोग को गहरा करने में रुचि दिखाई है। इस पर चर्चाएं जारी हैं।

बिहार चुनाव : अब भी सीटों में उलझा है महागठबंधन!

# सहनी नाराज, राजद-कांग्रेस में नहीं बन पा रही सहमति



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव का पहला चरण करीब है, लेकिन महागठबंधन अब भी सीट बंटवारे के पेच में फंसा हुआ है।पहले चरण के नामांकन की आखिरी तारीख में सिर्फ 27 घंटे बाकी हैं, फिर भी किसी भी दल ने उम्मीदवारों की आधिकारिक सूची जारी नहीं की है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि आंतरिक असहमति और छोटे सहयोगी दलों की नाराज़गी के कारण सीटों पर अंतिम बात नहीं बन रही है। मुख्य सहयोगी राजद, कांग्रेस और वामदलों ने अपने संभावित उम्मीदवारों को सिंबल बांट दिए हैं, लेकिन औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। यही नहीं, बछवाड़ा सीट पर स्थिति और पेचीदा हो गई है। यहां CPI और कांग्रेस दोनों ने अपने उम्मीदवारों को सिंबल दे दिया है, जिससे सीट पर दोहरी दावेदारी सामने आ गई है।

### महागठबंधन से हैं मुकेश सहनी नाराज

इधर, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी भी महागठबंधन से नाराज बताए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक सहनी को सीटों की संख्या और चयन को लेकर आपत्ति है। वहीं आईपी गुप्ता ने भी गठबंधन से नाता तोड़ लिया है।

नीतीश ने अपने हिस्से के सभी 101 सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

# जदयू की आई दूसरी लिस्ट, 9 महिलाएं और 4 मुस्लिम उम्मीदवारों को दिया टिकट

- अनंत सिंह समेत 3 बाहुबलियों को उतारा, 37 विधायक रिपीट
- सबसे ज्यादा 37 पिछड़ों को मौका, कुल 13 महिलाओं को किया शामिल
- 6 व 11 नवंबर को दो चरणों में होंगे मतदान, 14 को आएंगे नतीजे

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) ने गुरुवार को दूसरी लिस्ट जारी कर 44 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है, जिसमें 9 महिलाएं और 4 मुस्लिम उम्मीदवार शामिल हैं। साथ ही जेडीयू ने बाहुबली आनंद मोहन के बेटे चेतन आंनद को नबीनगर से चुनावी मैदान में उतारा है। इससे पहले जेडीयू ने पहली लिस्ट में 57 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया था। इसके साथ ही जेडीयू ने अपनी सभी 101 सीट पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है। साथ ही जेडीयू ने गोपाल मंडल का टिकट काट दिया है। उनकी जगह पार्टी ने बुलो मंडल को टिकट दिया है।

जदयू की 101 लिस्ट में कुल 13 महिलाओं को शामिल किया गया है। 4 मुस्लिम चेहरों को भी टिकट दिया गया है। 37 से ज्यादा सिटिंग विधायक हैं। 12 मंत्री हैं। जदयू ने कुल सीट बंटवारे में जातीय समीकरण का



पूरा ख्याल रखा है। 37 पिछड़ा, 22 अति पिछड़ा, 22 सामान्य,04 अल्पसंख्यक और एक अनुसूचित जनजाति को टिकट दिया गया है। गुरुवार को आई दूसरी लिस्ट में बाहुबली आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद को औरंगाबाद के नवीनगर से टिकट दिया गया है। 9 महिलाओं को शामिल किया गया है। 4 मुस्लिम चेहरों को भी टिकट दिया गया है। जदयू ने अपने सिटिंग विधायकों पर फिर से भरोसा किया है। दूसरी लिस्ट में भी 19 विधायकों को फिर से चुनावी मैदान में उतारा गया है।

### अनंत सिंह सहित 3 बाहुबलियों पर भरोसा



बुधवार को पहली लिस्ट में 57 कैंडिडेट के नाम थे। जिसमें 3 बाहुबलियों को टिकट मिला है। मोकामा से अनंत सिंह, एकमा से धूमल सिंह, कुचायकोट से अमरेंद्र पांडेय को उतरा है। वहीं जदयू की पहली लिस्ट में 18 विधायकों को रिपीट किया गया है। 4 विधायकों का टिकट कटा है।

### चिराग के दावे वाली 5 सीटों पर जदयू ने उतारे कैंडिडेट

जदयू ने चिराग के दावे वाली 5 सीटों सोनबरसा, अलौली, राजगीर, एकमा और मोरबा पर भी जदयू ने कैंडिडेट उतारे हैं। नीतीश कुमार ने जिस तरह चिराग पासवान को मिली पांच सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं, उससे लगा रहा है कि नीतीश कुमार ने सीट शेयरिंग पर एनडीए के फॉर्मूले को बिगाड़ दिया है।

# सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने कियारा के साथ लांच किया 'शगुन कलेक्शन'

**मुंबई।** इस धनतेरस, भारत के सबसे विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने पेश किया शगुन कलेक्शन पीले सोने, हीरे, एंटीक और पोल्की में बारीकी से तैयार किया गया गहनों का एक शानदार संग्रह, जो त्योहारों के उत्सव में एक विशेष अर्थ जोड़ता है। इस सिग्नेचर रेंज के साथ हर अवसर के लिए अ ल ग - अ ल ग कलेक्शन भी हैं एवरलाइट का ट्रेंडी लोटस कलेक्शन, गॉसिप सिल्वर और फैशन ज्वेलरी का समकालीन तत्वा कलेक्शन, पुरुषों के लिए अहम कलेक्शन, और परफेक्ट लव कलेक्शन से हार्ट्स एंड एरो कट डायमंड ज्वेलरी।



सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने कियारा आडवाणी के साथ एक मनमोहक कैम्पेन के ज़रिए त्योहारों की चमक को जीवंत किया है। यह कैम्पेन साथ रहने की काव्यमय अनुभूति को प्रस्तुत करता है जहाँ सोने की हर चमक प्रेम की उजास को प्रतिबिंबित करती है, और सेनको के हर गहने में यादों की मिठास बस जाती है। दिवाली और धनतेरस की जगमग रोशनी के बीच, यह कहानी परिवार और अपनों के बीच साझा किए गए आत्मीय पलों को सजीव करती है पति का सरप्राइज़, मां-बेटी की परंपरा, दादी का दीया जलाने का रिवाज़। हर दृश्य त्योहारों की भावनाओं की उस नर्मी को दिखाता है, जहाँ एहसास खुद रोशनी से भी ज़्यादा चमकते हैं। इन मनोहर दृश्यों के केंद्र में हैं कियारा आडवाणी, जो एक मौन पर्यवेक्षक के रूप में सेनको की आत्मा का प्रतीक बनकर उभरती हैं।

लांच के अवसर पर सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की डायरेक्टर एवं हेड ऑफ मार्केटिंग एंड डिज़ाइन्स, सुश्री जोइता सेन ने कहाकि धनतेरस आनंद, प्रेम और नई शुरुआतों का पर्व है। ऐसा समय जो परिवारों को जोड़ता है और साधारण क्षणों को यादगार बनाता है।

Trendy
Tough
Convenient

AIRTIGHT & LEAK PROOF
MICROWAVE SAFE
cello FULLY TEMPERED
1 YEAR WARRANTY*




MAKE IN INDIA

Choose from a wide range of over **60 Lunch Packs**, starting at ₹**849**/-
***1 year warranty on bowls**

Follow us on
celloworldofficial
cello_world
celloworldofficial
celloworldindia

CLARITY GUARANTEED

Available at
blinkit instamart zepto Myntra
amazon.in Flipkart www.celloworld.com

cello®
GLASS LUNCH PACK

CELLO SALES: CHANDRABHUSHAN MISHRA (CHHATTISGARH) 9179901474
• CORPORATE ENQUIRIES: RAHUL DUBE 9833650605 • FRANCHISEE ENQUIRIES: K G GEORGE 9845159438

Situations/Cello/2025

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में रोहित-विराट ध्वस्त कर सकते हैं कई रिकॉर्ड्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम को 19 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज खेलनी है। तीन मैचों की आगामी सीरीज में विराट कोहली और रोहित शर्मा भी खेलते हुए नजर आएंगे। कोहली लगभग 6 महीने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने वाले हैं और ऐसे में कोहली के प्रदर्शन पर सबकी नजरें रहेंगी। कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज में कुछ अहम रिकॉर्ड्स बना सकते हैं।

### सर्वाधिक रन वाले भारतीय बन सकते हैं कोहली

कोहली ने ऑस्ट्रेलिया की धरती पर अब तक कुल 29 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें 51.03 की औसत और 89.06 की स्ट्राइक रेट के साथ 1,327 रन बनाए हैं। वह ऑस्ट्रेलिया में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया में भारतीय बल्लेबाजों में सचिन तेंदुलकर ने 46 पारियों में 1,491 रन और रोहित शर्मा ने 29 पारियों में 1,328 रन बनाए हैं। वह तेंदुलकर और रोहित को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंच सकते हैं।

### रनों के मामले में संगाकारा को पीछे छोड़ सकते हैं कोहली

कोहली ने अपने वनडे क्रिकेट करियर में अब तक 302 मैचों में 57.88 की औसत और 93.34 की स्ट्राइकर रेट के साथ 1,4181 रन बनाए हैं। कोहली विश्व क्रिकेट में तीसरे सबसे ज्यादा रन वनडे बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनसे ज्यादा रन सिर्फ तेंदुलकर (18,426) और कुमार संगाकारा (14,234) ने ही बनाए हुए हैं। वह 54 रन और बनाते ही संगाकारा को पीछे छोड़ देंगे और दूसरे सर्वाधिक रन वाले बल्लेबाज बन जाएंगे।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2,500 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय

कोहली को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ बल्लेबाजी करना पसंद है। उन्होंने इस टीम के खिलाफ 50 वनडे में 54.46 की औसत के साथ 2,451 रन बनाए हैं। इस बीच उनकी स्ट्राइक रेट 93.69 की रही है। वह इस टीम के विरुद्ध 2,500 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। बता दें कि अब तक सिर्फ तेंदुलकर (3,077) ही ऐसा कर चुके हैं। वहीं, रोहित (2,407) भी 2,500 रन पूरे कर सकते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया में सर्वाधिक शतक

कोहली ऑस्ट्रेलिया में संयुक्त रूप से सर्वाधिक शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में 133* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 5 शतक जड़े हैं। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित ने भी 5 ही शतक लगाए हैं। ऐसे में कोहली के पास रोहित से आगे निकलने का मौका होगा। पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने ऑस्ट्रेलिया में 3 शतक लगाए थे।



## रोहित का बल्ला चला तो तोड़ सकते हैं सचिन का रिकॉर्ड

हाल ही में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को टेस्ट सीरीज में 2-0 से शिकस्त देने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम अब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलेगी। 19 अक्टूबर से भारतीय टीम मेजबान ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे सीरीज में हिस्सा लेगी। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी इस सीरीज में शुभमन गिल के नेतृत्व में खेलते हुए नजर आएंगे। रोहित आगामी सीरीज में कुछ अहम रिकॉर्ड्स बना सकते हैं, उन पर एक नजर डालते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया में सर्वाधिक वनडे रन वाले भारतीय

रोहित ऑस्ट्रेलिया में दूसरे सर्वाधिक वनडे रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में 30 वनडे खेले हैं, इसकी इतनी ही पारियों में 53.12 की औसत और 90.58 की स्ट्राइक रेट के साथ 1,328 रन बनाए हैं। बता दें कि सचिन तेंदुलकर ने ऑस्ट्रेलिया में 46 पारियों में 1,491 रन बनाए थे। इस सूची में विराट कोहली 1,327 रन के साथ तीसरे पायदान पर मौजूद हैं। ऐसे में रोहित के पास तेंदुलकर को पीछे छोड़ने का मौका होगा।

### गांगुली से ज्यादा रन बनाने के करीब हैं रोहित

रोहित ने साल 2007 में वनडे अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण किया था। डेढ़ दशक से लम्बे अंतरराष्ट्रीय करियर में उन्होंने अब तक 273 वनडे खेल लिए हैं, जिसमें लगभग 49 की औसत 11,168 रन बना लिए हैं। वह सौरव गांगुली (11,221) को पीछे छोड़ने के करीब हैं। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो तेंदुलकर (18,426) और कोहली (14,181) के बाद तीसरे सर्वाधिक वनडे रन वाले भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। टेस्ट और टी-20 प्रारूप से संन्यास ले चुके रोहित ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक 499 मैच खेले हैं, जिसमें 42.18 की औसत के साथ 19,700 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 264 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 49 शतक लगाए हैं। वह 300 रन और बनाते ही 20,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे कर लेंगे। बता दें कि अब तक तेंदुलकर, कोहली और राहुल द्रविड़ ही ये आंकड़ा छूने वाले भारतीय हैं।

# गिल की कप्तानी में भारत-ऑस्ट्रेलिया की वनडे में 19 को भिड़ंत, एक-दूसरे से कम नहीं दोनों टीमें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच 19 अक्टूबर से वनडे सीरीज शुरू होगी। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने हाल ही में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के विरुद्ध टेस्ट सीरीज को 2-0 से जीता था।

अब गिल के ही नेतृत्व में भारतीय टीम कंगारू टीम के खिलाफ चुनौती पेश करने के लिए तैयार है। इस बीच वनडे प्रारूप में दोनों टीमों के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अभी तक कुल 152 वनडे खेले गए हैं। इनमें से ऑस्ट्रेलिया ने 84 जबकि भारत ने 58 मुकाबलों में जीत दर्ज की है। इस दौरान 10 मैच बेनतीजा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में हुए मुकाबलों की बात करें तो मेजबान टीम के खिलाफ 54 मैचों में से भारत ने 14 ही जीते हैं और 38 में उसे हार मिली है। इस बीच 2 वनडे बेनतीजा रहे हैं।



ऑस्ट्रेलिया में भारत ने 2019 में जीती थी वनडे सीरीज

### पर्थ में अभ्यास के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने जमकर बहाया पसीना

पर्थ। सीनियर स्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा ने यहां पहुंचते ही जमकर अभ्यास किया और रविवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही वनडे श्रृंखला से पहले भारतीय टीम के पहले ट्रेनिंग सत्र के दौरान नेट्स पर काफी पसीना बहाया। सभी की निगाहें रोहित और कोहली पर हैं जो पिछली बार भारत के लिए फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान खेले थे और अब केवल 50 ओवर के प्रारूप में ही उपलब्ध हैं।

### दोनों पूर्व कप्तानों ने की बल्लेबाजी

दोनों पूर्व भारतीय कप्तान ने नेट्स में करीब 30 मिनट तक बल्लेबाजी की। रोहित को नेट्स में समय बिताने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते भी देखा गया। भारतीय टीम 19 अक्टूबर से शुरू होने वाले तीन एकदिवसीय और पांच टी20 मैच के सीमित ओवरों के दौरे के लिए बुधवार और बृहस्पतिवार को दो समूहों में यहां पहुंची।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इन भारतीय खिलाड़ियों ने किया है कमाल

मौजूदा भारतीय टीम में विराट कोहली ने इस टीम के खिलाफ 50 वनडे में 54.46 की औसत के साथ 2,451 रन बनाए हैं। इस बीच उनकी स्ट्राइक रेट 93.69 की रही है। रोहित शर्मा ने 40 वनडे मैचों में 61.33 के औसत से 2,407 रन बनाए हैं, जिसमें एक दोहरा शतक (209) भी शामिल है। गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा ने 5.23 की इकॉनमी रेट से 39 विकेट लिए हैं। कुलदीप यादव ने 23 मैचों में 31 विकेट चटकाए हैं।

### इन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का रहा है उम्दा प्रदर्शन

ट्रेविस हेड ने भारत के खिलाफ 10 पारियों में 42.66 की औसत और 103.22 की स्ट्राइक रेट से 384 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 1 ही अर्धशतक लगाया है। मिचेल मार्श ने 11 पारियों में 59.12 की औसत से 473 रन बनाए हैं, जिसमें 1 शतक शामिल हैं। गेंदबाजी में मिचेल स्टार्क ने 19 मैचों में 32.66 की औसत से 30 विकेट लिए हैं। जोश हेजलवुड ने 11 वनडे में 17 विकेट लिए हैं।

# अभिषेक, स्मृति ने जीते आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा सितंबर महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ चुने गए हैं। उन्होंने अपने साथ खिलाड़ी कुलदीप यादव और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के ब्रायन बेनेट को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है। अभिषेक के लिए पिछला महीना बेहद शानदार बीता था। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में शीर्ष रैंकिंग वाले बल्लेबाज बने थे। दूसरी तरफ महिला वर्ग में स्मृति मंधाना ने ये पुरस्कार जीता है।

**अभिषेक ने एशिया कप में बनाए सर्वाधिक रन-**एशिया कप 2025 में अभिषेक सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने 7 पारियों में 44.8 की औसत और 200 की स्ट्राइक रेट के साथ 314 रन बनाए थे। इस युवा बल्लेबाज ने 3 अर्धशतक भी लगाए। उनका सर्वोच्च स्कोर 75 रन रहा। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 300 रन का आंकड़ा नहीं छू सका था। उनके बाद श्रीलंका के पथुम निसानका ने 6 पारियों में 43.50 की औसत से 261 रन बनाए थे।



### कुलदीप व ब्रायन का सितंबर में प्रदर्शन

कुलदीप ने एशिया कप 2025 में कमाल का प्रदर्शन किया था। इस चाइनामैन गेंदबाज ने 7 मैचों में 9.29 की उम्दा औसत के साथ 17 विकेट अपने नाम किए थे। इस बीच उन्होंने 2 बार 4 विकेट हॉल भी लिए थे। जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट पूरे सितंबर में शानदार फॉर्म में रहे थे। उन्होंने 9 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 55.22 की औसत और 165.66 के स्ट्राइक रेट से 497 रन बनाए थे।

### स्मृति ने ठोके 308 रन, जीता पुरस्कार

भारत की उपकप्तान मंधाना ने पाकिस्तान की सिदरा अमीन और दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है। सितंबर में मंधाना ने 4 वनडे मैचों में 77 की औसत और 135.68 की स्ट्राइक रेट से 308 रन बनाए थे। अमीन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में 293 की असाधारण औसत से 293 रन बनाए थे। वहीं, ब्रिट्स ने पाकिस्तान के विरुद्ध 103.81 की स्ट्राइक रेट से 272 रन बनाए थे।



सत्यमेव जयते
भारत सरकार




संशोधित पीएलएफएस 2025:
अधिक विस्तृत, अधिक सामयिक


आइए, हम राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली को मजबूत करें

एनएसओ रोजगार परिदृश्य पर अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) आयोजित करता है, जिसके डेटासेट ग्रामीण, शहरी और अखिल भारतीय स्तर पर मासिक, तिमाही और वार्षिक आधार पर जारी किए जाते हैं।

महत्वपूर्ण संकेतक

श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर)
श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर)
बेरोजगारी दर (यूआर)

तिमाही पीएलएफएस रिपोर्ट निम्नलिखित के बारे में जानकारी प्रदान करती है:
• रोजगार का प्रकार • कार्य का उद्योग




CBC 39101/13/0003/2526

राष्ट्र निर्माण में योगदान दें, सर्वेक्षण में भाग लें

परिवारों से अनुरोध है कि वे एनएसओ के गणनाकर्ताओं के साथ सहयोग करें और सटीक आँकड़े उपलब्ध कराएँ।
सर्वेक्षण में भाग लेने वाले परिवारों की पहचान सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की सभी रिपोर्टों/सूक्ष्म आँकड़ों में गोपनीय रखी जाती है।

एनएसओ की पीएलएफएस रिपोर्ट के लिए कृपया देखें: https://www.mospi.gov.in/ माइक्रोडेटा https://microdata.gov.in/NADA/index-php/home पर उपलब्ध है

www.mospi.gov.in @GoIStats /GoIStats GoIStats Ministry of Statistics & PI


छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प
छत्तीसगढ़ में धान खरीदी उत्सव
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
किसानों के लिए सहज और सुविधाजनक खरीदी व्यवस्था
₹3100 प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी
कुल 2739 केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी
एक सप्ताह के भीतर किसानों को पूर्ण भुगतान
पारदर्शी प्रक्रिया के लिए ई- केवाईसी और एग्रीस्टेक पोर्टल
गुणवत्तापूर्ण धान खरीदी पर समितियों को प्रति क्विंटल पाँच रुपये प्रोत्साहन राशि
धान खरीदी की मानिटरिंग के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर
तुहर टोकन एप से सुविधाजनक खरीदी प्रक्रिया
15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026
हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें
सुशासन से समृद्धि की ओर
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

MARUTI SUZUKI

NEXA

# CELEBRATIONS JUST GOT BIGGER.

**WITH GST BENEFITS**
+
***LIMITED PERIOD FESTIVE OFFERS**

| | PRICE REDUCTION OF UP TO# | NOW STARTING AT# | ADDITIONAL FESTIVE OFFERS OF UP TO* |
|---|---|---|---|
| FRONX | ₹ 1 12 600 | ₹ 6 84 900 | ₹ 75 000 |
| GRAND VITARA | ₹ 1 07 000 | ₹ 10 76 500 | ₹ 2 10 000 + 5 Year Extended Warranty |
| BALENO | ₹ 86 100 | ₹ 5 98 900 | ₹ 52 500 |
| IGNIS | ₹ 71 300 | ₹ 5 35 100 | ₹ 65 000 |
| INVICTO | ₹ 61 700 | ₹ 24 97 400 | ₹ 1 55 000 |
| XL6 | ₹ 52 000 | ₹ 11 52 300 | ₹ 55 000 |
| JIMNY | ₹ 51 900 | ₹ 12 31 500 | ₹ 85 000 |



SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

*FESTIVE OFFERS VALID TILL 23RD OCT ONLY

NEXA SAFETY SHIELD

UP TO 100% WAIVER ON CAR LOAN PROCESSING FEE (ONLY TILL 31ST OCT)##

E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

Contact us at
1800-200-6392
1800-102-6392

For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers and features may vary subject to the model and variant purchased. *The mentioned offers include "Consumer Offer + Booking offer + Exchange Bonus + Rural offer", and may vary from city to city. Please contact nearby dealership for more details. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 23rd October '25 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan India. Maruti Suzuki Subscribe is available only in selected cities. ##Offers include consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offers (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of the financer by selected finance partners. #Prices and savings mentioned above are for select variants and may vary across cities/ variants.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com